सड़कों, सार्वजनिक क्षेत्रों, नालों व तालाबों के आस-पास बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं: हरेन्द्र

भोपाल (काप्र)।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य कार्यों को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों, तालाबों, नालों आदि की साफ-सफाई का अवलोकन किया साथ ही सीमेंट कांक्रींटीकृत सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और सड़कों, सार्वजनिक क्षेत्रों, गलियों व तालाबो के आस-पास बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त ने बागमुंगालिया क्षेत्र में नाले के किनारे अनेक स्थानों पर गंदगी पाये जाने तथा गोल्डन सिटी क्षेत्र में सड़क के सीमेंट कांक्रींटीकरण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये नाले के आस-पास पड़े कचड़े को तत्काल उठवाने, नाले के आस-पास के

क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई कराने, सड़क निर्माण का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने रूचि लाईफ के पास स्थित नाले के अंदर बनी रिटर्निंग वाल की जांच कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सुश्री निधि सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री नारायण ने बुधवार को प्रातः एवं पूर्वान्ह में दो चरणों में साफ-सफाई एवं सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लेने हेतु शाहपुरा तालाब, बंसल हॉस्पिटल क्षेत्र, बाबा नगर, कोलार रोड, जेके हॉस्पिटल, दानिश कुंज, कोलार फायर सब स्टेशन, शंकुतला नगर, सनखेड़ी रोड, सर्वधर्म कालोनी सी सेक्टर, बागमुंगालिया, शिवनगर, रूचि लाईफ, गोल्डन सिटी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री नारायण ने विभिन्न क्षेत्रों की सड़को, गलियों, सार्वजनिक स्थलों पर पड़े कचरे, गंदगी को तत्काल उठवाकर सभी क्षेत्रों कीं साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने बागमुगालिया, शिव नगर स्थित नाले के निरीक्षण के दौरान अनेक स्थानों पर गंदगी के अंबार पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और नाला सहित आस-पास के क्षेत्रों से गंदगी कचरा तत्काल उठवाने और समुचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त ने रूचि लाईफ के पास स्थित नाले का निरीक्षण करते हुये नाले के अंदर बनी रिटर्निंग वाल की जांच कराने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री नारायण ने गोल्डन सिटी रोड पर किये जा रहे सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य का अवलोकन किया और कार्य की धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य की गति को बढ़ाकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने की निर्देश दिये।

एम्स को पहली बार एक करोड़ का कायाकल्प पुरस्कार मिला

भोपाल (काप्र)।

एम्स को पहली बार प्रतिष्ठित कायाकल्प पुरस्कार के तहत 1 करोड़ से सम्मानित किया गया है जो संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। कायाकल्प पुरस्कार, स्वच्छता और रोगी देखभाल के त्रुटिहीन मानकों को बनाए रखने के लिए प्रदान किया जाता है।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, प्रो. अजय सिंह के नेतृत्व में अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में नए मानक स्थापित किए हैं और उत्कृष्टता की खोज में एक और सफलता हासिल की है । प्रो. सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अस्पताल के प्रत्येक सदस्य के सहयोगात्मक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार एम्स भोपाल के सभी सदस्यों के अथक समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। यह एक सामूहिक जीत है, जो हमारे समुदाय को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रो. सिंह ने संस्थान की सफलता में उनके अमूल्य योगदान के लिए यह पुरस्कार एम्स भोपाल के पूरे परिवार को समर्पित किया। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को हासिल करने में टीम वर्क, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और सर्पण के साथ कार्य किया गया । कायाकल्प पुरस्कार स्वच्छ भारत अभियान (स्वच्छ भारत मिशन) के हिस्से के रूप में भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है। इस पुरस्कार का उद्देश्य पूरे भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देना है। कायाकल्प पुरस्कार जीतना रोगियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए एक स्वास्थ्य सेवा संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो अंततः बेहतर स्वास्थ्य देखभाल परिणामों और रोगी संतुष्टि में योगदान देता है।

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान 1 अप्रैल को पटेल पार्क में

भोपाल। मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन 1 अप्रैल को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इसमें सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्रगान का गायन पटेल पार्क में किया जाता है।

64 अभ्यर्थियों ने भरे 89 नाम निर्देशन पत्र

भोपाल (काप्र)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज पूरी हुई।

27 मार्च को 64 अभ्यर्थियों ने 89 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। अधिसूचना जारी होने से 27 मार्च तक कुल 113 अभ्यर्थियों द्वारा 153 नाम निर्देशन पत्र भरे गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि 27 मार्च तक लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी में 22 अभ्यर्थी द्वारा 30 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-12 शहडोल (अजजा) में 10 अभ्यर्थी द्वारा 14 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 जबलपुर में 22 अभ्यर्थी द्वारा 33 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-14 मंडला (अजजा) में 16 अभ्यर्थी द्वारा 18 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-15 बालाघाट में 19 अभ्यर्थी द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिन्दवाड़ा में 24 अभ्यर्थी द्वारा 31 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार, 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

29, 30 एवं 31 मार्च को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे

भोपाल (काप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 29, 30 एवं 31 मार्च को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि 29 मार्च (शुक्रवार) गुडफ्रायडे, 30 मार्च (शनिवार) तथा 31 मार्च (रविवार) को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे।भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग तथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि नगर राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन तथा आईसेक्ट के कियोस्क के माध्यम से बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

तुर्की की कम्पनी को मिला भोपाल-इंदौर मेट्रो के ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन का ठेका

भोपाल (काप्र)। पिछले दिनों भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए दूसरी बार टेंडर बुलाए गए थे, जिसमें तीन कम्पनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें तुर्की की एसिक्स इलेक्ट्रॉनिक ने बाजी मारी और 186.52 करोड़ रुपए का ठेका हासिल किया है।

पूर्व में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए सिंगल टेंडर भरा था, जो नामंजूर हो गया। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने इस ठेके की अनुमानित कीमत 230 करोड़ रुपए आंकी थी, मगर तुर्की की कम्पनी ने उससे लगभग 50 करोड़ रुपए कम का प्रस्ताव दिया है। वहीं दूसरी बार जो टेंडर बुलाए गए उसमें भी सबसे कम दर तुर्की की कम्पनी की ही रही। यह कम्पनी मेट्रो प्रोजेक्ट में फेयर कलेक्शन, यानी किराया लेने की पूरी प्रणाली तैयार करेगी, जो सभी स्टेशनों पर अमल में लाई जाएगी। भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए जो एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है उसमें रोबोट चौराहा से पलासिया तक का ठेका भी 545 करोड़ में रेल विकास निगम और यूआरसी कंस्ट्रक्शन कम्पनी को सौंपा गया है। वहीं मध्य क्षेत्र में अंडरग्राउंड कॉरिडोर के लिए सर्वे की प्रक्रिया जारी है। उसके पश्चात टेंडर बुलाए जाएंगे। वहीं ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए तीन कम्पनियों ने अपने प्रस्ताव मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को सौंपे थे, जिसमें 230 करोड़ रुपए तक का अनुमानित ठेका माना गया।

यह काम पीपीपी मॉडल पर होगा। पूर्व में एसबीआई ने इस सिस्टम के लिए सिंगल टेंडर भरा था, जो मंजूर नहीं हुआ और नए सिरे से कॉर्पोरेशन ने टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू की। वहीं ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए तीन कम्पनियों ने प्रस्ताव सौंपे, जिनमें एसिस इलेक्ट्रॉनिक ब्लिसिम सिस्टमेलेरी कम्पनी के अलावा एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया प्रालि और शेलिंग फॉस्क ग्लोबल डिजिटल टेक्नोलॉजी शामिल रहीं।

हमीदिया में हेल्प डेस्क शुरू 24 घंटे करेगी काम

भोपाल (काप्र)। हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीज से स्टाफ कोई दुर्व्यवहार करता है, अच्छा इलाज नहीं होता, वार्ड में सफाई नहीं रहती, इस तरह की कोई भी शिकायत होने पर मरीज या उसके परिजन हेल्पलाइन नंबर 7055508050 पर इसकी सूचना दे सकेंगे। यह हेल्पलाइन नंबर निःशुल्क है और हर वार्ड में चस्पा किया गया है। इतना ही नहीं, अस्पताल की व्यवस्था में किसी भी तरह के सुधार का भी सुझाव इस हेल्पलाइन नंबर पर दिया जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन मरीजों के बेहतर इलाज और बेहतर सुविधाओं के लिए नवाचार कर रहा है। इसके चलते यह व्यवस्था की गई है। इसके लिए हमीदिया के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने दो अस्पताल प्रबंधकों की ड्यूटी तैनात कर दी है, जिन्हें ये कॉल सुनकर तत्काल निराकरण करना होगा। इसके अलावा हमीदिया में हेल्प डेस्क भी शुरू कर दी गई है। यहां मरीजों को सभी तरह की मदद जैसे- स्ट्रेचर के लिए वार्ड ब्वॉय, डॉक्टर्स की जानकारी भी मिल सकेगी।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

यह कोई गढ़...

होगी। डॉ. यादव ने कहा कि आप (कमलनाथ) जिनके घर पर जाकर पांव दबाते थे, आज वो सभी जमानत पर है। आप राहुल गांधी हो, प्रियंका गांधी हो, सोनिया गांधी हो या केजरीवाल हो, कानून सबके लिए बराबर है। सारे बेईमान जमानत पर हैं। हम भगवान श्रीराम को मानने वाले लोग हैं, हम रामराज्य लाना चाहते हैं। जो जेल जाने के रास्ते पर खड़े हैं वो हाय मोदी, हाय मोदी, बचाओ मोदी, बचाओ मोदी चिल्ला रहे हैं। जैसा कर्म करोगे, वैसा पाओगे, जो बोया है वही काटोगे। हम रामराज लाना चाहते हैं और राम राज की पहली शर्त, कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। आपने लोगों को मूर्ख बनाया, भगवान राम के नाम पर हिंदू-मुसलमान को लड़ाया।

अभी भी नहीं...

इनकी अराजकता और भ्रष्टाचार ने उन्हें आज जेल में डाला है। अनुराग ठाकुर ने आगे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सवाल कांग्रेस से भी है कि क्या उन्होंने अपना ज़मीर बेच दिया है? अरविंद केजरीवाल पहले सोनिया गांधी को गिरफ्तार कर दो दिन तक पूछताछ करने की मांग करते थे। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के साथ खड़ा होना जरूरी है? कल तक शराब घोटाले के आंकड़े प्रस्तुत कर मुकदमा करने की बात करने वाले कांग्रेसी नेता आज कहां हैं? आज यह उसके पक्ष में रैली करने की बात कर रहे हैं, जिसने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। क्या कांग्रेस अरविंद केजरीवाल को निर्दोष मानती है? मोदी जी ने सदैव कहा है ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा। जांच एजेंसियों की जांच के बाद इन बेईमानों का दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

आपस में टकराए...

हुई। डीजीसीए ने इस हादसे के बाद इंडिगो एयरलाइंस के पायलट्स पर एक्शन लिया है। विमानन कंपनी के इन पायलट्स को इस एक दिन (26 मार्च, 2024) की सैलरी नहीं मिलेगी। दरअसल, एयरलाइन इंडस्ट्री में %रॉस्टर्ड ऑफ% के तहत कर्मचारियों के कार्य दिवस नहीं गिना जाता है और उन्हें उस की दिन तनख्वाह भी नहीं मिलती है। डीजीसीए ने इसी के तहत इंडियो के पायलट्स के खिलाफ कार्रवाई की है।

प्रवर्तन निदेशालय...

दलीले रखीं। एएसजी राजू ने कहा कि हम डिटेल में जवाब फाइल करना चाहते हैं। मुख्य केस में हमें 3 हफ्ते दिए गए थे। इस मामले में भी हमें अपना जवाब दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार देर शाम अदालत ने फैसला सुनाया। शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए 9 बार समन भेजा था। केजरीवाल ने आठवें समन तक का कोई जवाब नहीं दिया था और न ही वो ईडी के सामने पेश हुए थे। 17 मार्च को भेजे गए नौवें समन को केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी और गिरफ्तारी को लेकर प्रोटेक्शन मांगा था। हालांकि, हाईकोर्ट ने 21 मार्च को हुई सुनवाई में अरविंद केजरीवाल को कोई संरक्षण देने से इनकार कर दिया था। इसी दिन लगभग दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली सीएम को गिरफ्तार किया गया था। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 22 मार्च से 28 मार्च तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए उसे समय दिया जाए। एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि भारी भरकम याचिका उन्हें मंगलवार को ही सौंपी गई है और एजेंसी को अपना पक्ष रिकॉर्ड पर लाने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिम राहत के वास्ते भी जवाब देने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने आरोप लगाया कि जवाब दाखिल करने के लिए समय का अनुरोध मामले में विलंब की रणनीति है।

घोटाले के पैसों...

नहीं हुआ है। ईडी ने मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन के साथ-साथ हमारे यहां भी रेड मारी, लेकिन पैसा मिला नहीं। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि कल मैं अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थी, उनका शुगर लेवल ठीक नहीं चल रहा है। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को पत्र लिखकर कहा था कि लोगों के पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान किया जाए। बताइए उन्होंने क्या गलत किया। इस बात पर भी केंद्रीय सरकार ने दिल्ली के सीएम पर केस दर्ज कर दिया। क्या यह लोग दिल्ली की जनता को बर्बाद करना चाहते हैं। इस बात से अरविंद जी को बेहद पीड़ा हुई है। सुनीता केजरीवाल ने आगे बताया कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे एक बात और कही कि ईडी ने बीते दो सालों में ढाई सौ से ज्यादा रेड मारी है और वह लोग इस शराब घोटाले का पैसा ढूंढ रहे हैं। सभी पर रेड मारी गई, लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। हमारे यहां भी रेड मारी गई उसमें 73,000 रुपए मिले हैं। उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल 28 मार्च को कोर्ट में बताएंगे कि इस शराब घोटाले का पैसा कहां है और उसका खुलासा करेंगे, उसका सबूत भी देंगे। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद जी बहुत सच्चे, देशभक्त और साहसी व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद जी ने कहा है कि मेरा शरीर जेल में है लेकिन आत्मा सबके साथ है। आंखें बंद करो तो मुझे ही महसूस करोगे।

इसरो ने हासिल...

किया गया था। इसरो के मुताबिक नव विकसित स्वदेशी प्रणालियों पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और वैज्ञानिक प्रयोग करने के लिए पीओईएम-3 को कुल नौ विभिन्न प्रयोगात्मक पेलोड के साथ कॉन्फ़िगर किया गया था। इनमें से छह पेलोड एनजीई द्वारा इन-स्पेस के माध्यम से वितरित किए गए थे।

हवाई ताकत...

से लड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य के संघर्ष गतिज और गैर-गतिशील बलों के एक साथ अनुप्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातकता आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे और निश्चित रूप से इन सभी पर गहन मीडिया निगरानी रहेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों से साफ हो जाता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो हवाई शक्ति का उपयोग दुश्मन की सीमा से परे, बिना युद्ध और बिना शांति के परिदृश्य में, परमाणु खतरे की स्थिति में, पूरी तरह संघर्ष की स्थिति में बढ़े बिना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है जहां निर्बाध संचार, मार्ग निर्देशन और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की बने रहने की क्षमता को बढ़ाएंगी। वायु सेना ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर पर हमला बोला था। पाकिस्तान की वायु सेना ने अगले दिन ही जवाबी कार्रवाई कर जम्मू कश्मीर में अनेक सैन्य प्रतिष्ठानों पर निशाना साधा था लेकिन वे असफल रहे थे।

साधु वासवानी स्कूल में आशीर्वाद समारोह

लक्ष्य बड़ा रखने व परिश्रम करने से मंजिल अवश्य प्राप्त होगी

भोपाल (हिनप्र)।

साधु वासवानी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती मां सरस्वती व संतजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम ऐसा कार्यक्रम है जहां विद्यार्थी अपने अनुभवों को एक-दूसरे के साथ साझा करते हैं और उन्होंने यहां जो सीखा उसे अपने जूनियर छात्रों को सिखाते हैं, आज के सत्र में आपको जो महत्वपूर्ण बातें बताई जाएगी। उन्हें केवल सुनना नहीं है वरन् उन बातों को अपने जीवन में अमल भी करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी.एस. कुशवाह म.प्र. लोक शिक्षण संचालनालय थे। कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थी हर परस्थिति में मजबूत होकर चलेंगें तो कभी असफल नहीं होगें, जीवन में अंकों पर ध्यान न देकर व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दें, अभी समय है आपके पास लग जाइए अपने लक्ष्य को हासिल करने में। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी कहा कि 12 साल में आपने यहां शिक्षा के साथ जो संस्कार प्राप्त किए हैं उसे साथ लेकर जाये विद्यालय के साथ-साथ माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें। विशेष अतिथि के रुप में प्राचार्य राजेश गंगवाल, रमेश वर्मा, जनक थद्धानी, भगवान बाबानी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए हम शिक्षकों का आशीर्वाद सदैव रहता है आपका हर सपना अवश्य पूरा होगा बशर्ते आप पूरी मेहनत व लगन के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाएं।

कार्यक्रम के अवसर पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा बारहवीं की छात्रा पलक श्रीवास्तव को जनक थद्धानी द्वारा 5 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। समारोह में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं को ज्योति प्रदान करते हुए यह भाव प्रदर्शित किये कि इस विद्यालय की बागडोर हम आपके जिम्मेदार हाथों में सौप रहे हैं। इस विद्यालय की शान को बरकरार रखना है। छात्रा सोनम खत्री और मेघा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्रा प्रीति मिश्रा ने कविता, शालिनी ने गीत प्रस्तुत किया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 100 प्रतिशत उपस्थिति देने वाले एवं विद्यालय में अपनी अलग पहचान बनाने वाले इन सभी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगें, देश रंगीला, रंगीला देश मेरा रंगीला, सिंधी छेज प्रस्तुत की गई जिसे सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया।

सेवासदन को सौभाग्य बाई के नेत्रों का दान

भोपाल (हिनप्र)। चूनाभट्टी, भोपाल निवासी 83 वर्षीय सौभाग्य बाई हरसोला का देहावसान 26 मार्च को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र अनूप जैन ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । सौभाग्य बाई हरसोला के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे।

सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2087 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। कार्यपालन ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती धनवंती कुकरेजा पत्नी स्व. श्री झमट सिंह कुकरेजा घोषणा करती हूं कि मझे धनवंती देवी कुकरेजा व धनवंती बाई के नाम से ही जाना जाता है यह दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे पूर्व पासपोर्ट पर मेरा नाम धनवंती देवी कुकरेजा दर्ज है जबकि मेरे भोपाल गैस लीक ट्रेजडी के प्लेम दस्तावेज में मेरा नाम धनवंती बाई दर्ज है। अब वर्तमान में लगभग मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम धनवंती कुकरेजा हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी म.नं. 04 स्वर्ग विहार गुरुद्वारा टेकरी साहिब के सामने, ईदगाह हिल्स भोपाल (मध्यप्रदेश) 462001।

5047

न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 4636/अ-6/2023-24

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती सोनू पेठारी पति सुन्दर नि. ग्राम पोस्ट गिल्लौर नसरुल्लागंज एवं सुन्दर लाल पेठारी आ. स्व. श्री हरनाम सिंह ग्राम पोस्ट गिल्लौर जिला भोपाल म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बगली प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 106/1, 155 के अंश भाग पर एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक 143 टाईप डी क्षेत्रफल 540 वर्गफिट अर्थात 75.06 वर्गमीटर का नामांतरण विक्रय पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 02/04/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27.3.2024 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

5045

जाहिर सूचना

(कृषि भूमि ख.नं. 130/1/1/1(एस) कुल रकबा 0.4040 हेक्टेयर प.ह.नं. आमला अमरपुरा पोस्ट रातीबढ़ तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में।)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्रेतागण) (1) श्री रूप नारायण शर्मा आत्मज श्री जमना प्रसाद आयु वयस्क निवासी ग्राम नादनवारा तहसील राहतगढ़ नांदनवारा सागर मध्यप्रदेश एवं (2) श्री मुकेश कुमार डावर आत्मज श्री सुखलाल डावर आयु वयस्क निवासी ग्राम झागरिया खुर्द पोस्ट सूरज नगर तहसील हुजूर जिला भोपाल ने विक्रेता श्री रवि यादव आत्मज श्री दौलतराम आयु वयस्क निवासी मकान नंबर 16 अमरपुरा भदभदा रोड रातीबढ़ भोपाल मध्यप्रदेश की सम्पत्ति कृषि भूमि ख. नं. 130/1/1/1 (एस) कुल रकबा 0.4040 हेक्टेयर प.ह.नं. आमला अमरपुरा पोस्ट रातीबढ़ तहसील हुजूर जिला भोपाल में है, को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार क्रेता क्रेतागणों ने उपरोक्त विक्रेता को टोकन/बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र लिखित में निष्पादित कर लिया है। जिसमें विक्रेता एवं क्रेतागणों तथा दो गवाहों के हस्ताक्षर प्रमाणित हैं। उपरोक्त सम्पत्ति से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, सोसायटी, वित्तीय संस्था, बैंक अथवा किसी का भी हित या अनुबंध है अथवा किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

प्रकाश अय्यर (एडवोकेट)
श्री सांई कृपा लॉ चैम्बर शॉप नं. 1 मायकार शोरूम के पास पुरानी विधानसभा के सामने भोपाल (म.प्र.) मो. 8959955187

5046